# लगातार पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ)

सारे न्यू यार्क राज्य में माता पिता राज्य के सामान्य मूल मापदंड के बारे में अधिक जानना चाहते हैं। नीचे आप मापदंड के बारे में कुछ लगातार पूछे जाने वाले प्रश्न और उत्तर पायेंगे। यह समय के साथ उदयतन किये जायेंगे। कृपया सामान्य मूल मापदंड के अनुसार स्कूल के काम के बारे में अधिक सीखने के लिए अपने बच्चे के अध्यापक या प्रधानाचार्य से सम्पर्क करें।

**प्र: राज्य के सामान्य मूल मापदंड क्या हैं ?**

**उ**: राज्य के सामान्य मूल मापदंड दिखाते हैं कि छात्रों को पृ के से बाहरवीं कक्षा तक इंग्लिश लैंगुएज आर्ट्स और गणित में क्या जानने और करने योग्य होना चाहिये। यह मापदंड सब छात्रों को सारे राज्य में एक समान कौशल सीखने में मदद करेंगे। यह सुनिश्चित करेगा कि वह महाविद्यालय और व्यवसाय के लिए तैयार हैं। इन मापदंडों में यह बदलाव या परिवर्तन शामिल है कि कैसे अध्यापक बच्चों को उन विषयों और कौशल जो उनकी सफलता में सबसे अधिक सहायक हैं के बारे में सीखाते हैं। यह मापदंड युवकों को महाविद्यालय और व्यवसाय के लिए तैयार होने में मदद करने के लिए बनाये गए हैं।

**प्र: क्या सामान्य मापदंड के होने का मतलब है कि हर कोई कम सीखेगा ?**

**उ**: नहीं। राज्य के सामान्य मूल मापदंडों को देश के सारे राज्यों के कुछ सबसे उत्तम मापदंडों, अतः दूसरे देशों के, तथा व्यापक अनुसंधान, कि क्या नौकरियों और उच्च शिक्षा में सफल होने के लिए जरुरी है, को इक्ट्ठा करके, बनाया गया है। यह सामान्य मूल मापदंड छात्रों और अध्यापकों को हर कक्षा के लिए मूल कौशल और अवधारणाओं को गहराई से देखने को कहते हैं। इस का मतलब है कि छात्र कुछ कम विषयों पर बहुत अधिक सीखेंगे। इस का यह भी मतलब है कि अध्यापकों के पास विषयों को अधिक विस्तार से पूरा करने के लिए अधिक समय होगा। यह छात्रों को वास्तविक रूप से यह समझने का एक मौका भी देते हैं कि उन्हें क्या पढ़ाया जा रहा है।

**प्र: क्या मापदंड अध्यापकों को बताते हैं कि कैसे पढ़ायें ?**

**उ**: नहीं। वह अध्यापकों को उत्तम सबक और गतिविधियाँ तैयार करने के लिए मदद का एक उपकरण हैं। मापदंड छात्रों और माता पिता को यह दिखाने में भी मदद करते हैं कि हर कक्षा में सफल होने के लिए क्या करना होता है। यह अध्यापकों, छात्रों,और माता पिता के लिए एक अच्छा मानचित्र हैं।

**प्र: मापदंड कैसे विकसित किये गये ?**

**उ**: छयालिस राज्यों ने विशेषज्ञों, अध्यापकों, और शोधकर्ताओं को लगभग दस हज़ार टिप्पणियों और सुझावों, जिनमें से कई न्यू यॉर्क के अध्यापकों और माता पिता के द्‌वारा दिए गए, के साथ राज्य के सामान्य मूल मापदंडों को लिखने के लिए इकट्ठा किया गया। न्यू यॉर्क राज्य ने इन्हें २०१० में अपनाया। यह मापदंड हमारी कक्षाओं के साथ रहने योग्य हैं और हमारे छात्रों को अधिक सीखने में मदद करेंगे। कृपया मापदंडों के पूरे समूह को पढ़ने के लिए http://corestandards.org/the-standards वेब पर जायें।

**प्र: क्या इस का मतलब होगा अधिक इम्तहान ?**

**उ**: नहीं। राज्य के सामान्य मूल मापदंड का मतलब अधिक इम्तहान नहीं। परन्तु भिन्न और अच्छे इम्तहान। अप्रैल २०१३ से शुरू होकर न्यू यॉर्क राज्य तीसरी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के छात्रों की सामान्य मूल मापदंड की इंग्लिश लैंगुएज आर्ट्स और गणित की योग्यता और कौशल का इम्तहान द्‌वारा मूल्यांकन करेगा। यह नए इम्तहान मापदंडों में बदलाव और परिवर्तन को प्रतिबिंबित करेंगे। यह इम्तहान छात्रों की कक्षा की उम्मीदों को पूरा करना को सुनिश्चित करेंगे।

**प्र: क्या यह नये इम्तहान मुश्किल होंगे ?**

**उ**: शुरू में नए इम्तहान शायद अधिक मुश्किल नज़र आयें। ऐसा साधारण है। नये इम्तहान मापदंडों में परिवर्तन पर निर्धारित होंगे। समय बीतते छात्र और अध्यापक अपने को स्पष्ट उम्मीदों के अनुसार ढाल लेंगे। नये इम्तहानों के पहले या दूसरे वर्ष छात्रों के अंक गिरने की सम्भावना भी है। तथापि, इम्तहान छात्रों की उपलब्धि में सुधार का एक महत्वपूर्ण उपकरण हैं। नये इम्तहान प्रधानाचार्यों और अध्यापकों को उन छात्रों की पहचान करने की मदद करेंगे जिनको कि अगली कक्षा में जाने के लिए अधिक सहायता की आवश्कता चाहिये।

**प्र: इस काम का असमर्थ और अंग्रेजी भाषा सीखने वाले छात्रों के लिए क्या मतलब है ?**

**उ**: मापदंड अध्यापकों को अपना विषय अधिक विस्तार से आवरण करने का अधिक समय देंगे। यह छात्रों को वास्तविक तौर से यह समझने का मौका देते हैं कि उन्हें क्या पढ़ाया जा रहा है। वहां मापदंडों को अंग्रेजी भाषा सीखने वाले तथा असमर्थ छात्रों को लागू करने के लिए एक स्पष्ट मार्गदर्शक है। इसके साथ- साथ इन मुद्दों में लगातार सुधार के लिये सब राज्य इकट्ठे काम करेंगे। इसके परिणाम स्वरुप सब शिक्षकों के लिये एक मजबूत समर्थन प्रणाली स्थापित होगी।

**प्र: राज्य के सामान्य मूल मापदंडों का देश भर के छात्रों के लिए क्या मतलब है ?**

**उ**: मापदंड देश भर के छात्रों की शिक्षा के लिए स्पष्ट उम्मीदें प्रदान करते हैं। पहले हर प्रान्त में अपने विभिन्न शैक्षिक मापदंडों का समूह होता था। इसका मतलब यह है कि अमेरिकन छात्र विभिन्न कौशल और अवधारणाओं को विभिन्न दरों से सीख रहे थे। राज्य के सामान्य मूल मापदंड सारे न्यू यॉर्क के छात्रों को एक समान ऊंचे मापदंड सीखने का समान अवसर प्रदान करते हैं। यह उनको महाविद्यालय, व्यवसाय और जीवन में सफल होने का एक बड़ा संयोग प्रदान करते हैं।

**प्र: यदि मापदंड ऊंचे किये तो क्या यह संभव है कि छात्र स्कूल छोड़ देंगे ?**

**उ**: ऐसा अधिक संभावित नहीं कि छात्र स्कूल छोड़ेंगे। अनुसंधान इशारा करता है कि कई कारकों के इकट्ठा होने के कारण ही छात्र स्कूल छोड़ते हैं। अनुसन्धान यह भी बताता है कि छात्र स्कूल में चुनौतियों को अधिक स्वीकार करना चाहते हैं। उदाहरणतया दस में से सात युवा लोग जो स्कूल छोड़ गये, ने बताया कि वह उच्च विद्यालय में कड़ी मेहनत के लिए उत्साहित या प्रेरित नहीं थे। दो तिहाई स्कूल छोड़ने वाले कहते हैं कि वे कड़ी मेहनत करते अगर उनसे ऐसा करने को कहा जाता (जैसा की उंची शैक्षिक उमीदें, अधिक पढ़ाई, और अधिक घर का पाठ )1

**प्र: क्या सामान्य मूल मापदंडों का इंग्लिश लैंगुएज आर्ट्स और गणित में अपनाना छात्रों का दूसरे विषयों जैसा कि आर्ट्स या व्यवसाय और तकनीकी शिक्षा में पहुँच सीमित कर देगा ?**

**उ**: नहीं। न्यू यॉर्क छात्रों को उच्च विद्यालय से आगे सफल होने को तैयार करने के लिए सब विषयों का महत्व समझाता है। छात्रों का पूर्ण स्नातक होना राज्य के भविष्य के लिए आवश्यक है। स्पष्ट सामान्य मूल मापदंड असल में अध्यापकों को सब विषयों की शिक्षा को जोड़ने में सहायता करेंगे। जिसका मतलब है कि छात्रों को ऐसे पाठ दिए जायेंगे जो गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, इंग्लिश लैंगुएज आर्ट्स, और दूसरे विषयों को जोड़ते हैं।

**प्र: क्या राज्य के सामान्य मूल मापदंड कम प्रदर्शन वाले स्कूलों के छात्रों के लिये अवास्तविक अधिक उम्मीदें बनाने से उनको दंडित करता है?**

**उ**: नहीं। अक्सर आजकल सब कम प्रदर्शन वाले स्कूलों में छात्रों को कम उम्मीदों पर रखा जाता है। न्यू यॉर्क राज्य ने राज्य के सामान्य मूल मापदंड इस लिये अपनाये हैं ताकि सब छात्र एक उत्कृष्ट शिक्षा ग्रहण कर सकें।

**शब्दकोष:**

शिफ्ट- परिवर्तन - एक बदलाव कि कैसे अध्यापक पढ़ाते हैं और कैसे छात्र सीखते हैं।

टेक्स्ट - पाठ - कोई लिखित कार्य

नॉन फिक्शन - गैर काल्पनिक - वास्तविक जीवन की घटनाओं या तथ्यों पर पाठ।

एविडेंस - सबूत - पाठ से सबूत के टुकड़े

आर्ग्यूमेंट्स - तर्क - छात्र कैसे किसी को किसी बात पर समझाते हैं।

जजमेंट - निर्णय - एक छात्र का निष्कर्ष कि उसने क्या पढ़ा है।

फोकस -केंद्रित करना - कम विषयों पर अधिक शिक्षा

स्पीड एंड एक्यूरेसी - रफ्तार और शुद्धता - कितनी जल्दी एक छात्र ठीक प्रकार से गणित की समस्या हल कर सकता है।

**स्त्रोत:**

राज्य के सामान्य मूल मापदंडों की पहल: http://www.corestandards.org/

महान शहर के स्कूलों की परिषद: http://www.cgcs.org

न्यू यॉर्क को व्यस्त करना: www.engageny.org

राष्ट्रिय प. ट. ए: http://pta.org

---

1 Civic Enterprises. *The silent Epidemic: Perspectives of High School Dropouts.* March 2006. http://www.saanys.org/uploads/content/TheSilentEpidemic-ExecSum.pdf